आज दिनांक 05/10/2020 को अपराह्न 12 बजे से महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र चौकमाफी, पीपीगंज, गोरखपुर पर के.वी.के. प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में केन्द्र को सुचारु रुप से संचालन को लेकर केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमें अधोलिखित बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया जो निम्नवत है –

1. फार्म के लिए चौकीदार की व्यवस्था
   निर्णय – उक्त के सन्दर्भ में प्रस्ताव बनाकर उपाध्यक्ष महोदय के पास भेजा जाय।
2. बिल डे के लिए दिन का निर्धारण
   निर्णय – डॉ. प्रदीप कुमार राव सर को फोन पर वार्ता कर मंगलवार को बिल की जांच के लिए जाएं। सभी फाइल के लिए एक सिस्टम बनाकर प्रतिदिन पत्रावली का निस्तारण किया जाय। सोमवार से सोमवार तक की फाइलों को प्रभारी के पास मंगलवार को जांच के लिए भेजकर उसको गुरुवार को भुगतान हेतु उपाध्यक्ष महोदय के पास भेजा जाय।
3. केन्द्र के सभी कर्मचारियों के लिए TA, DA एवं अन्य भत्तो के लिए प्रावधान।
   निर्णय – उक्त के सन्दर्भ में आई.सी.ए.आर. – अटारी से दिशा निर्देश मांगा जाय। चूंकि कृषि विज्ञान केन्द्र आई.सी.ए.आर द्वारा संचालित है, अतः सभी नियम आई.सी.ए.आर. का ही माना जाय।
4. स्टोर रुम की व्यवस्था
   निर्णय – किसान भवन में एक कक्ष को तैयार कर स्टोर रूम बनाया जाय।
5. इंजीनियर की विजिट सप्ताह या 15 दिन में एक बार कराया जाय।
   निर्णय – इंचार्ज सभी कार्य की मानिटरिंग स्वयं करें। इंजिनियर का विजिट आवश्यकतानुसार कराया जाय। आवश्यकतानुसार महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक के विशेषज्ञों का निरीक्षण कराया जाय।
6. इंजिनियर के पास निर्माण कार्य से संबंधित दर निर्धारण के कुछ बिन्दु है जिसकी संस्तुति इंजीनियर द्वारा नहीं हो सका है।
   निर्णय – मैटेरियल शिफ्टींग का दर कोटेशन लेकर फाइल पूर्ण कर दर का निर्धारण किया जाय एवं कुछ अन्य कार्य जो संस्था में हुए / कराये जा रहे है और उनका दर स्वीकृत है, पर कार्य कराया जा सकता है।
7. मॉडल फार्मर चिन्हित करने हेतु चर्चा
   निर्णय – के.वी.के. के अन्तर्गत आने वाले 9 ब्लॉक से 9 मॉडल फार्मर को चिन्हित कर उनके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में नवीनतम तकनीक का प्रयोग कर उनको मॉडल किसान के रुप में विकसित किया जाय साथ ही फार्मर की स्थिति क्या थी और क्या के.वी.के. के सहयोग से उनकी स्थिति में क्या सुधार हुआ इसका अनवरत अध्ययन किया जाय उसकी रिपोर्ट रखी जाय।

8. कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र पर कार्य

निर्णय – कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र पर रबी 2020-21 का कार्य विवरण प्रस्तुत करें जिसमें बीज उत्पादन, शाक सब्जी उत्पादन, नर्सरी एवं क्राप कैफेटेरिया है – प्रक्षेत्र प्रभारी श्री अवनीश कुमार सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ(सस्य विज्ञान)

निर्देश –

1. फार्म के तीन वर्ष की आय व्यय (2016 से पहले एवं बाद में) और के.वी.के. फार्म की अबतक की प्रगति का तुलनात्मक सारणी बनाकर प्रस्तुत किया जाय। प्रक्षेत्र प्रभारी श्री अवनीश कुमार सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ(सस्य विज्ञान)
2.

(क). शोध पत्र प्रति तीन माह में एक शोध पत्र अपने कार्य का

(ख). प्रत्येक विषय से दो प्रोजेक्ट बनाकर केन्द्र / राज्य सरकार की संबंधित संस्थाओं में भेजा जाय

(ग). के.वी.के. के फार्म को एक मॉडल के रुप में विकसित किया जाय।

क्रम सं.	**नाम**	**हस्ताक्षर**
1.	डॉ. प्रदीप कुमार राव	
2.	डॉ. विवेक प्रताप सिंह	
3.	डॉ. आजीत कुमार श्रीवास्तव	
4.	डॉ. राहुल कुमार सिंह	
5.	श्री अवनीश कुमार सिंह	
6.	श्री संदीप प्रकाश उपाध्याय	
7.	श्री शुभम पाण्डेय	
8.	श्री गौरव कुमार सिंह	
9.	श्री जितेन्द्र कुमार सिंह	